राजस्थान का 12 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम स्थान- भजनलाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता, केन्द्र के साथ समन्वित प्रयासों का परिणाम है

जयपुर, 1 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रभावी कार्यशैली और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का परिचय देते हुए राजस्थान ने 12 राष्ट्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में प्रथम, 10 में द्वितीय तथा 8 में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता, प्रशासनिक दक्षता और केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का सुखद परिणाम है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 में 2.18 करोड़ तथा रबी 2025-26 में 1.71 करोड़ पॉलिसियों के साथ राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर रहा है। वहीं, पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-ए तथा कंपोनेंट-सी में भी राज्य ने देश में पहला स्थान हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 पर राजस्थान में 62 हजार 915 स्थलों पर 85 लाख से अधिक लोगों की सहभागिता दर्ज की गई, जो देश में सर्वाधिक रही। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में भी राजस्थान देशभर में प्रथम स्थान पर रहा है। फिट इंडिया फ्रीडम रन 2024 के अंतर्गत देश में आयोजित 10 हजार 443 कार्यक्रमों में से 6 हजार से अधिक कार्यक्रम राजस्थान में आयोजित हुए। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 11 हजार 209 शिविरों के माध्यम से 5.94 लाख उज्ज्वला कनेक्शन प्रदान करके राजस्थान देश में प्रथम रहा।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

धरती आबा जनभागीदारी अभियान में राजस्थान को बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के रूप में, अंगदान एवं प्रत्यारोपण के क्षेत्र में, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विशेष तंबाकू निषेध पुरस्कार 2026 तथा खनिज ब्लॉकों की नीलामी में अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए राजस्थान को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। राजस्थान ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान दवा योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, राष्ट्रीय गोपाल रत्न पुरस्कार में राज्य को श्रेष्ठ डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी एवं श्रेष्ठ कृत्रिम गर्भाधान तकनीशियन में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कृषि विभाग को राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस रजत पुरस्कार मिला है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि प्रभावी कार्यशैली व योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के कारण राजस्थान ने 10 राष्ट्रीय योजनाओं में द्वितीय तथा 8 में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

प्रदेश ने पीएम-कुसुम योजना के कंपोनेंट-बी, विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण), टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान 2024, नेशनल प्रोग्राम फॉर पैलिएटिव केयर, संचय जनभागीदारी 1.0 अभियान तथा एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देशभर में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

अक्टूबर में रोज एक लाख करोड़ रूपए का यूपीआई ट्रांज़ैक्शन हुआ

नई दिल्ली, 01 नवंबर। भारत में डिजिटल पेमेंट की लोकप्रियता लगातार नए आसमान छू रही है। इसी कड़ी में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने अक्टूबर के महीने में ऐतिहासिक कामयाबी हासिल की है। देश में पहली बार किसी एक महीने के भीतर यूपीआई के जरिए होने वाले रोजाना के लेन-देन का औसत मूल्य एक लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है। मतलब अक्टूबर के महीन में हर दिन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का डिजिटल पेमेंट किया गया। ये जानकारी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों में दी गई है।

- पूरे अक्टूबर माह में 31.53 लाख करोड़ रूपए का ट्रांज़ैक्शन अब तक का सर्वाधिक है।

इन आंकड़ों के अनुसार, त्योहार के इस सीजन में लोगों ने जम कर डिजिटल खरीदारी की, जिसके दम पर पूरे अक्टूबर महीने में कुल 31.53 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन दर्ज किया गया। भारत में डिजिटल पेमेंट के इतिहास में ये भी पहला मौका है, जब किसी एक महीने का कुल लेन-देन 30 लाख करोड़ रुपये की सीमा के पार निकल गया है। अगर पिछले रिकॉर्ड्स से इसकी तुलना करें तो इससे पहले सितंबर के महीने में रोजाना होने वाले लेन-देन का औसत मूल्य लगभग 98,000 करोड़ रुपये के आसपास दर्ज किया गया था। वहीं, पूरे महीने के कुल टर्नओवर का पिछला सर्वोच्च रिकॉर्ड इसी साल मई के महीने में बना था, जब देशभर में यूपीआई के माध्यम से करीब 29.9 लाख करोड़ रुपये का आदान-प्रदान हुआ था।

रणथंभौर : बाघिन-93 शावक के साथ नज़र आई

वन विभाग के अनुसार, यहाँ बाघों की संख्या बढ़ कर 63 हो गई है



रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के रणथम्भौर-क्षेत्र के लाहपुर इलाके में बाघिन -93 रविवार को अपने एक शावक के साथ घूमते हुए नजर आई।

सवाई माधोपुर, 1 नवम्बर। रणथम्भौर टाइगर रिजर्व के रणथम्भौर-क्षेत्र के लाहपुर इलाके में बाघिन -93 अपने एक शावक के साथ विचरण करती हुई नजर आई। बाघिन -93 का यह तीसरा लिटर (प्रसव) है। इस सुखद दृश्य से रणथम्भौर में बाघों के कुनबे में एक और नई पीढ़ी के जुड़ने के संकेत मिले हैं। उपवन संरक्षक रणथंभौर बाघ परियोजना मानस सिंह ने बताया कि बाघिन के साथ एक शावक दिखाई दिया है, हालांकि शावकों की वास्तविक संख्या इससे अधिक भी हो सकती है। शावकों की सही संख्या की पुष्टि के लिए वन विभाग द्वारा क्षेत्र में कैमरा ट्रैप लगाए जा रहे हैं। कैमरा ट्रैप में प्राप्त तस्वीरों के विश्लेषण के बाद ही शावकों की वास्तविक संख्या प्रमाणित की जा सकेगी।

- वन विभाग की टीम बाघिन और उसके शावकों की सुरक्षा पर लगातार निगरानी रख रही है और यह सुनिश्चित कर रही है कि उनके प्राकृतिक विचरण में कोई व्यवधान नहीं आए।

बाघिन एवं उसके शावकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार निगरानी रख रही है। फील्ड स्टाफ को विशेष सतर्कता बरतने तथा बाघिन एवं शावकों के प्राकृतिक विचरण में किसी प्रकार का व्यवधान नहीं होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

बाघिन -93 के साथ शावक की उपस्थिति रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में बाघों के प्रजनन एवं संरक्षण के लिहाज से एक सकारात्मक संकेत है। इससे रणथम्भौर टाइगर रिजर्व- में बाघों की कुल संख्या बढ़ कर 63 हो गई है।

नया चक्रवाती ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

2 नवंबर को तमिलनाडु, 2 और 3 नवंबर को तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और तेलंगाना में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने 3 और 4 नवंबर को छत्तीसगढ़ और दक्षिण ओडिशा में भी भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में 2 और 3 नवंबर को कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश की आशंका है। इसके अलावा 3 नवंबर को तेलंगाना में भी कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश हो सकती है।

'राहुल गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी और सांसद कमलजीत सहरावत सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पदयात्रा के माध्यम से 1984 के दंगा पीड़ितों के प्रति एकजुटता और समर्थन प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर जे.पी. नड्डा ने कहा कि आज पीड़ितों को याद करने के बजाय राहुल गांधी राजनीति कर रहे हैं और गांधी परिवार ने माफी नहीं मांगी है।

दो हवाई रैकी के बाद भी 7 लापता ट्रैकर्स का सुराग नहीं मिला

देहरादून, 01 नवंबर। उत्तरकाशी जिले के केदारताल क्षेत्र में लापता सात ट्रैकर्स और एक गाइड की तलाश में स्टेट डिजैस्टर रैस्पॉंस फोर्स (एस.डी.आर.एफ.) का सर्च एवं रेस्क्यू अभियान जारी है। रविवार को हेलीकॉप्टर से क्षेत्र की दो बार हवाई रेकी की गई, लेकिन लापता लोगों या उनके टैंट का कोई स्पष्ट सुराग नहीं मिल सका। अत्यधिक बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के कारण तलाशी अभियान में बाधाएं आ रही हैं।

- भारी बर्फबारी व कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पैदल तलाशी अभियान में मुश्किलें आईं।

एसडीआरएफ के अनुसार, इससे पहले गंगोत्री टीम ने केदारताल क्षेत्र में पहुंचकर रेकी की थी। क्षेत्र में अत्यधिक बर्फबारी और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण पैदल तलाशी अभियान में दिक्कतें आ रही हैं। इसके बाद हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया गया।

एसडीआरएफ के दो जवान हेड कांस्टेबल रवि चौहान और कांस्टेबल दीपक पंत हेलीकॉप्टर से हर्षिल पहुंचे। वहां से केदारताल क्षेत्र की दो बार हवाई रेकी की गई। इस दौरान लापता ट्रैकर्स और गाइड अथवा उनके टैंट के कोई स्पष्ट दृश्य संकेत नहीं मिले।

एसडीआरएफ सेनानायक अर्पण यदुवंशी के निर्देश पर वाहिनी मुख्यालय से एक अतिरिक्त टीम आवश्यक बचाव एवं पर्वतारोहण उपकरणों के साथ रवाना की गई है। परिस्थितियां अनुकूल होने पर यह टीम सर्च अभियान को आगे बढ़ाएगी। एसडीआरएफ संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर आगे की कार्ययोजना तैयार कर रही है।

हम अमेरिका के हमले का जवाब देने के लिए तैयार हैं- ईरान

तेहरान (ईरान), 01 नवंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ईरान पर नए हमले की चेतावनी पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है। ईरान के सबसे ताकतवर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के संभावित हमले का जवाब देने के लिए ईरान पूरी तरह तैयार है। तैयारी इस स्तर पर की गई है कि अगर अमेरिका लड़ाई में अपने युद्धपोत झोंकता है तो उन्हें समुद्र में दफन कर दिया जाएगा।

अल जजीरा की रिपोर्ट में फार्स न्यूज एजेंसी के हवाले से बताया है गया कि आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप प्रमुख, ब्रिगेडियर जनरल यादुल्लाह जवनी के मुताबिक ईरानी सेना इस संभावना को ध्यान में रखकर काम कर रही है कि अमेरिका या इज़राइल कभी भी हमला कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि "सेना दुश्मन की किसी भी चाल का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।"

- ईरान की आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका ने युद्धपोत लड़ाई में उतारे तो उन्हें समुद्र में दफन कर देंगे।

उन्होंने कहा कि ईरान को अचानक चौंकाया नहीं जा सकेगा और वह जरूरत के हिसाब से जवाब देगा। जवनी ने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमता पहले से सुदृढ़ हो गई है। हमले का अंदेशा होते ही जवाबी हमले शुरू कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ईरान ऐसी स्थिति में अमेरिकी युद्धपोतों पर भारी और विनाशकारी हमला करेगा।

राहुल गांधी कभी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सकते- अमित शाह

केन्द्रीय गृह मंत्री ने चंडीगढ़ में 250 करोड़ रूपए की नौ परियोजनाओं का शिलान्यास किया

चंडीगढ़ , 01 नवंबर। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सोनिया का सपना है कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने, लेकिन यह सपना पूरा नहीं हो रहा। अब उन्होंने मॉक पार्लियामेंट करने का नया तरीका तलाशा है। शाह ने कहा कि मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि अगर आपको प्रधानमंत्री बनना है, तो पूरा जीवन मॉक पार्लियामेंट में ही बने रहिए। आपका नंबर कभी नहीं लगने वाला। तीन चुनावों से ये हार रहे हैं।

अमित शाह रविवार को चंडीगढ़ के सेक्टर-17 स्थित तिरंगा पार्क में 250 करोड़ के 9 प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी नरसंहार के काले दिन पर बड़ा जलसा करने की इच्छा रखती है, तो राहुल आपकी मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कोई कुछ लेकर नहीं जाएगा। लोग केवल नफरत लेकर जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कार्यक्रम आयोजित करने की जिद की गई और विदेश से आदेश दिया गया कि उसी दिन कार्यक्रम होगा, जिस दिन हजारों सिखों को जिंदा जलाया गया था। मैं गुरुओं की इस पवित्र धरती से इस प्रयास की निंदा करता हूं। इसे भारत और पंजाब कभी नहीं भूल पाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि हमने सोचा था कि उस समय राहुल गांधी की उम्र कम रही होगी और शायद उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा होगा। इसलिए उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं होगी। हमारी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपील की थी कि 1, 2 या 3 नवंबर को कार्यक्रम न रखा जाए, क्योंकि ये 1984 के सिख विरोधी दंगों के दिन हैं। इससे सिख परिवारों की माताओं, बहनों और बच्चों की भावनाएं आहत होंगी।

- अमित शाह ने कहा, राहुल गांधी ने उस दिन रैली रखी, जिस दिन 1984 में हजारों सिखों को जिंदा जलाया गया था। भारत और पंजाब यह कभी नहीं भूल सकता।

शाह ने कहा कि मुझे विश्वास है कि पंजाब के नजदीक होने के बावजूद चंडीगढ़ देश का सबसे पहले नशामुक्त होने वाला शहर बनेगा। एनडीपीएस के मामलों में नए कानून आने के बाद चंडीगढ़ पुलिस ने 93 प्रतिशत आरोपियों को जेल भेजा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पंजाब में विधानसभा चुनाव आने वाले हैं। वहां एनडीए की सरकार बनानी है। ऐसी आवाज नहीं चलेगी। इसके बाद उन्होंने लोगों से दोनों हाथ उठाकर नारे लगाने की अपील की। गृहमंत्री ने कहा कि पंजाब में एनडीए सरकार की जीत का बीज बोकर जा रहे हैं।

रैली के कारण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विशेष रूप से आईटीओ पर वाहन चालकों को काफी असुविधा हुई। यातायात जाम के कारण वाहनों की गति बहुत धीमी हो गई थी। पुलिस कर्मी प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात थे।

रैली में बड़ी संख्या में लोगों के आने से सड़कों पर दबाव बढ़ गया। इससे सामान्य यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की थी।

आजम खान को 14 दिन की न्यायिक हिरासत मिली

गाजियाबाद, 01 नवंबर। समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व कैबिनेट मंत्री आज़म खान को गाज़ियाबाद की विशेष प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत ने रविवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने उन्हें अदालत में पेश किया था। पत्रकारों ने जब आज़म खान से पूछा कि क्या वह इस मामले में कुछ कहना चाहेंगे, तो उन्होंने निराशा और बेबसी भरे अंदाज में कहा, अब क्या है, बोलने के लिए। इस बीच सपा के कई नेता भी अदालत परिसर पहुंचे।

- ईडी ने मनी लॉन्डरिंग मामले में गिरफ्तार कर उन्हें गाजियाबाद अदालत में पेश किया।

ज्ञातव्य है कि दो पैन कार्ड मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद शनिवार शाम रामपुर जेल से रिहा होते ही ईडी ने आजम खान को हिरासत में ले लिया था। रविवार को उन्हें पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। यह मामला मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय और उससे जुड़े जौहर ट्रस्ट में कथित वित्तीय अनियमितताओं तथा मनी लॉन्ड्रिंग की जांच से संबंधित है।

कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ी

नई दिल्ली, 01 नवंबर। दीवाली से ठीक पहले, भारत में लगातार तीसरे महीने एलपीजी गैस सिलैंडर की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। एक नवंबर 2026 से, प्रमुख महानगरों में कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में 10 रुपये से लेकर 17 रुपये तक की वृद्धि की गई है। कमर्शियल एलपीजी 19 किलोग्राम वाले सिलैंडर में बेची जाती है।

वहीं दूसरी ओर, घरेलू एलपीजी की कीमतों में लगातार छठे महीने कोई बदलाव नहीं किया गया है। कमर्शियल एलपीजी के विपरीत, घरेलू एलपीजी सिलैंडर 14.2 किलोग्राम के होते हैं और इनका इस्तेमाल भारतीय घरों में सबसे ज्यादा किया जाता है।

- एक नवम्बर से इसमें 10 से 17 रूपए की वृद्धि की गई।

1 नवंबर 2026 से दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलैंडर की कीमत 10 रुपये बढ़ाकर 2,820 रुपये कर दी गई है। पिछले महीने इसकी कीमत 2,810 रुपये थी।

नवंबर 2026 में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कोलकाता में की गयी, जहां कीमत 17 रुपये बढ़ कर 2,971 रुपये प्रति सिलिंडर हो गई, जबकि अक्टूबर में वहां एलपीजी की कीमत 2,954 रुपये थी।

व्यापारियों ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रहा। रामलीला मैदान के करीब 10 किलोमीटर के दायरे में माल ढुलाई और परिवहन गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। कई जगहों पर माल की लोडिंग और अनलोडिंग का काम लगभग ठप रहा।

भूटान में एक दिन में 108 स्तूपों का निर्माण व अभिषेक

भारत की ओर से केन्द्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने निर्माण व अभिषेक समारोह में भाग लिया

नई दिल्ली, 01 नवंबर। केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को भूटान के गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में 108 बौद्ध स्तूपों (चोर्टेन) के निर्माण और अभिषेक समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व किया। इस समारोह का नेतृत्व भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामगेल वांगचुक ने किया।

सरकार के अनुसार निर्माण समारोह में रिजिजू की उपस्थिति भारत और भूटान के लोगों के बीच साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों तथा घनिष्ठ मित्रता की अभिव्यक्ति है। इस परियोजना का उद्देश्य गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी को वज्रयान बौद्ध धर्म के एक प्रमुख केंद्र के रूप में प्रदर्शित करना और साथ ही भूटानी लोगों के मूल्यों और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करना है।

- इस परियोजना की परिकल्पना भूटान नरेश वांगचुक ने की थी। नदी किनारे 11.7 किलोमीटर के क्षेत्र में हजारों स्वयंसेवकों ने एक ही दिन में 15 मीटर ऊंचे तथा एक दूसरे से 108 मीटर दूर 108 स्तूपों का निर्माण किया।

उल्लेखनीय है कि 108 स्तूप परियोजना की परिकल्पना भूटान के नरेश ने की थी और उन्होंने ही इसके कार्यान्वयन का मार्गदर्शन भी किया। असम की सीमा के निकट गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी में माओ छू नदी के किनारे 11.7 किलोमीटर के क्षेत्र में लगभग 40 हज़ार स्वयंसेवकों ने एक ही दिन में 15 मीटर ऊंचे और एक-दूसरे से 108 मीटर की दूरी पर स्थित 108 स्तूपों का निर्माण किया।

भूटान के नरेश और प्रधानमंत्री तथा मंत्री रिजिजू ने स्तूप संख्या 76 पर प्रार्थना की। भूटान के नरेश ने गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी के प्रति प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता और अटूट समर्थन के लिए समर्पित किया था। रिजिजू ने प्रधानमंत्री मोदी की ओर से भूटान के नरेश को परियोजना के अंतर्गत स्तूप समर्पित करने के इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

भाजपा ने ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के इस्तीफा और एसएआर की प्रक्रिया को रोकने की मांग की गई। शनिवार को इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सरकारी आवास पर जन महाभियोग का आयोजन किया गया था, जिसमें चुनाव आयोग के खिलाफ महाभियोग लाया गया।

कर्नाटक : पत्नी-बच्चों की हत्या कर कारोबारी रेल के आगे कूदा

रायचूर, 01 नवंबर। कर्नाटक के रायचूर स्थित जलालनगर के रायता कॉलोनी में कारोबार में नुकसान और बढ़ ते कर्ज से परेशान एक व्यक्ति ने पत्नी और दो बच्चों की हत्या करने के बाद ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान विष्णु महेश (45), उनकी पत्नी अरुणा (36) तथा बच्चों श्लोक (10) और खुशी (7) के रूप में हुई है। विष्णु महेश गंज में मुंशी के रूप में काम करते थे। इसके साथ ही वह हैदराबाद में कारोबार भी चलाते थे। कारोबार में नुकसान होने के कारण उन पर कर्ज का बोझ बढ़ गया था। उन्होंने अपनी आर्थिक परेशानियों के बारे में दोस्तों और रिश्तेदारों को बताया था और दोस्तों से आत्महत्या करने की बात भी कही थी। दोस्तों ने उन्हें समझाकर ऐसा कदम नहीं उठाने की सलाह दी थी। आशंका जताई जा रही है कि विष्णु ने पत्नी और दोनों बच्चों की गला घोंटकर हत्या की।

नेपाल की भारी बर्फबारी में 6 भारतीय पर्यटक लापता

पर्यटक धो से फोक्सुंडो झील की तरफ लौटते समय बर्फ में फंस गए

काठमांडू, 01 नवंबर। नेपाल के डोल्पा जिले में भारी बर्फबारी के बीच शे-फोक्सुंडो झील की ओर जा रहे छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। लापता पर्यटकों में दो महिला और चार पुरुष शामिल हैं। नुमला पास और बगला पास के इलाके में उनसे संपर्क टूट गया। ये दोनों दर्रे शे-फोक्सुंडो के वार्ड नंबर 4 और 8 के बीच स्थित हैं।

डोल्पा की मुख्य जिला अधिकारी जुनु हमाल ने बताया कि पर्यटक धो से फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे, तभी वे बर्फ में फंस गए। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों ने उन्हें पहाड़ पार करने में होने वाली कठिनाइयों के बारे में आगाह किया था, लेकिन वे आगे बढ़ गए और अब उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

- शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के अध्यक्ष धावा सादुक गुरूंग के अनुसार, वार्ड नंबर 4 और 8 के बीच स्थित दर्रों में मोबाइल नेटवर्क बिल्कुल नहीं है, इसलिए पर्यटकों के बारे में जानकारी जुटाना मुश्किल हो रहा है।

शे-फोक्सुंडो गांवपालिका के अध्यक्ष धावा साम्दुक गुरूग के अनुसार, वार्ड नंबर 4 और 8 के बीच स्थित दर्रों में मोबाइल नेटवर्क बिल्कुल नहीं है। संचार सुविधा नहीं होने के कारण पर्यटकों की स्थिति के बारे में जानकारी जुटाना मुश्किल हो रहा है।

डोल्पा के पुलिस उपाधीक्षक अनिल राज गिरी ने बताया कि इन पर्यटकों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा कि तलाश और बचाव अभियान के लिए संबंधित निकायों से हेलीकॉप्टर की व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया है। मुख्य जिला अधिकारी हमाल ने बताया कि लापता पर्यटकों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित निकालने के लिए नेपाली सेना की एक टीम भी तैनात की गई है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908